14-
12/00

संख्या– —— /XXIV(7)/2017–30(2)/15

प्रेषक,

डॉ0 रणबीर सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उच्च शिक्षा निदेशालय,
हल्द्वानी (नैनीताल)।

शिक्षा अनुभाग–7 (उच्च शिक्षा) देहरादून दिनांक 08 नवम्बर, 2017

विषयः–वित्तीय वर्ष 2017–18 में राजकीय महाविद्यालय, कोटद्वार भावर के विज्ञान संकाय के भवन निर्माण के कार्यों हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या 669/XXIV(7)/2016–30(2)/15, दिनांक 30 दिसम्बर, 2016 तथा उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, देहरादून इकाई–2 के पत्र संख्या 839/सनिनि/एच–228/2017, दिनांक 13.09.2017 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2017–18 में राजकीय महाविद्यालय, कोटद्वार भावर के विज्ञान संकाय के भवन निर्माण हेतु टी0ए0सी0 वित्त द्वारा अनुमोदित रू0 441.77 लाख की धनराशि के सापेक्ष (सिविल कार्यों हेतु रू0 309.23 लाख + अधिप्राप्ति के कार्यों हेतु रू0 132.54 लाख) विभिन्न शासनादेशों के माध्यम से रू0 300.00 लाख की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है तथा रू0 141.77 लाख की धनराशि स्वीकृति हेतु अवशेष है, उक्त अवशेष रू0 141.77 लाख (रु0 एक करोड़ इकतालिस लाख सतत्तर हजार मात्र) की धनराशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए इतनी ही धनराशि व्यय हेतु आपके निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2– स्वीकृत धनराशि को उपरोक्त कार्य के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य में व्यय नहीं किया जायेगा तथा अतिरिक्त धनराशि की स्वीकृति की प्रत्याशा में कोई अन्य व्यय नहीं किया जायेगा एवं समय–समय पर निर्गत वित्तीय एवं मित्तव्ययता सम्बन्धी नियमों एवं दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का आहरण निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा करने के उपरान्त एक सप्ताह के भीतर सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त की जायेगा। तथा स्वीकृत की जा रही धनराशि का 31 मार्च, 2018 तक पूर्ण उपयोग करते हुए उपयोगिता प्रमाण–पत्र शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

3– कार्य करने से पूर्व मदवार दर विश्लेषण विभाग के अधीक्षण अभियंता द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित दरों के आधार पर तथा जो दरें शेड्यूल आफ रेट्स में स्वीकृत नहीं हैं, अथवा बाजार भाव से ली गयी हों, की स्वीकृति नियमानुसार अधीक्षण अभियंता से अनुमोदन करना आवश्यक होगा।

4– मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–2047/XIV–219(2006) दिनांक 30.05. 2006 द्वारा निर्गत आदेशों का कडाई से पालन करने का कष्ट करे।

5– कार्य पर उतना ही व्यय किया जाय जितनी राशि स्वीकृत की गयी है। स्वीकृत धनराशि से अधिक व्यय कदापि न किया जाय।

6– कार्य करने से पूर्व औपचारिकतायें तकनीकी दृष्टि को मध्यनजर रखते हुये एवं लो0नि0वि0 द्वारा प्रचलित दरों/विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुये निर्माण कार्य को सम्पादित करना सुनिश्चित करें।

7– कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2008 का पालन सुनिश्चित किया जाय।

8– कार्य करने से पूर्व उच्चधिकारियों एवं भूगर्भवेत्ता से कार्य स्थल का भली भांति निरीक्षण अवश्य करा लिया जाय तथा निरीक्षण के पश्चात दिये गये निर्देशों के अनुरुप ही कार्य कराया जाय।

.....2/

9– निर्माण सामग्री को उपयोग में लाने से पूर्व सामग्री का परीक्षण प्रयोगशाला से अवश्य करा लिया जाय।

10– विस्तृत आगणन में प्राविधानित डिजायन एवं मात्राओं के सम्बन्धित कार्यदायी संस्था पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

11– स्वीकृत धनराशि के उपयोग के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत समस्त शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा निर्माण कार्य की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति से शासन को अवगत कराया जायेगा। अवमुक्त की गई धनराशि का उपभोग शीघ्रता से करने के लिये प्राचार्य द्वारा समुचित पर्यवेक्षण किया जायेगा।

12– तृतीय पक्ष गुणवत्ता (Third party quality) सुपरविजन तथा अनुश्रवण की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाय, परन्तु निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जानी होंगी। इसका व्यय कार्यदायी संस्था को देय चार्जेज (Centage) से किया जायेगा। किये गये निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सुनिश्चित कर लिया जाय। उक्त रिपोर्ट से शासन को अवगत कराया जाय।

13– वित्त विभाग उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 475/xxvii(7)/2008 दिनांक 15.12.2008 के अनुसार निर्धारित प्रपत्र पर कार्यदायी संस्था से एम0ओ0यू0 अवश्य हस्ताक्षरित किया जाना सुनिश्चित किया जाय। कार्य के निष्पादन हेतु एक समय सारिणी निर्धारित की जायेगी तथा कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जायेगा। विलम्ब अथवा अन्य किन्ही भी कारणों से आगणन का पुनरीक्षण अनुमन्य नहीं किया जायेगा।

14– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2017–18 के आय–व्ययक की अनुदान संख्या 11 के पूंजीगत पक्ष के अधीन लेखाशीर्षक–4202–शिक्षा खेल कूद तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय–01–सामान्य शिक्षा–203–विश्वविद्यालय तथा उच्च शिक्षा–03–कतिपय राजकीय महाविद्यालयों के निर्माणाधीन भवनों को पूर्ण किया जाना/नये भवन निर्माण–24–बृहत्त निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

15– यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या–610/3(150)/XXVII(1)/2017, दिनांक 30 जून, 2017 में निर्गत निर्देशों के क्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(डॉ0 रणबीर सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

प0सं0 794 (1)/XXIV(7)/2017–30(2)/15 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार उत्तराखण्ड, देहरादून ।
2– आयुक्त, गढवाल मण्डल, पौडी।
3– जिलाधिकारी, पौडी गढवाल।
4– कोषाधिकारी हल्द्वानी–नैनीताल।
5– प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, कोटद्वार भावर।
6– निदेशक एन0आई0सी0 सचिवालय उत्तराखण्ड।
7– बजट राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन सचिवालय देहरादून।
8– वित्त अनु0–3/नियोजन प्रकोष्ठ उत्तराखण्ड शासन।
9–परियोजना प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि0।

आज्ञा से,

(शिवस्वरूप त्रिपाठी)
अनु सचिव।